राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षकों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 04 सितम्बर 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति तथा महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता एवं शिक्षक स्व० डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयन्ती के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस के अवसर पर बिहार एवं देश के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों में सुसंस्कारों की नींव रखकर तथा उन्हें एक श्रेष्ठ नागरिक बनाकर राष्ट्र निर्माण में माता–पिता के अलावा शिक्षक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील किया है कि बच्चों को ज्ञान–विज्ञान एवं विवेकसम्मत आचरण के प्रति सुशिक्षित करने के अतिरिक्त उनका जीवन गठन इस प्रकार करें कि उनमें सामाजिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को धारण करने की पर्याप्त क्षमता विकसित हो सके।

उन्होंने कहा है कि विद्यार्थियों को भी कड़ी मेहनत, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों को आत्मसात करने की आवश्यकता है जिससे वे समाज के आदर्श नागरिक बन सकें। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक मजबूत बनायें।

....